'7358/2023

उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19सी, तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश- **226001**
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

विज्ञप्ति संख्या: **UPPRPB-PROM04000(4001)/3/2023** दिनांक नवम्बर 03, 2023

विज्ञप्ति

पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के चयन वर्ष 2021/2022/2023 की रिक्तियों के सापेक्ष पुलिस विभाग में नियुक्त समूह-घ के कार्मिकों से विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरे जाने हेतु '' उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय संवर्ग सेवा नियमावली, 2015 (यथा संशोधित)'' में निहित प्रावधानों के अनुरूप चयन प्रक्रिया अन्तर्गत कम्पयूटर टंकण परीक्षा के आयोजन के सम्बन्ध में ।

विज्ञप्ति संख्या: पीआरपीबी-चार-10(29)/2023 दिनांक 19-10-2023 एवं समसंख्यक विज्ञप्ति संख्या: UPPRPB-PROM04000(4001)/3/2023 दिनांक 01-11-2023 के क्रम में अवगत कराना है कि पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) की चयन वर्ष 2021 की 37, चयन वर्ष 2022 की 39 तथा चयन वर्ष 2023 की 41 रिक्तियों को पुलिस विभाग में नियुक्त समूह 'घ' के पात्र कार्मिकों से विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरे जाने हेतु ''उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय संवर्ग सेवा नियमावली, 2015 (यथा संशोधित)'' में निहित प्रावधानों के अनुसार **दिनांक 10-11-2023 को प्रात: 10:00 से 10:15 तक अंग्रेजी टंकण परीक्षा तथा प्रात: 11:00 से 11:15 बजे तक हिन्दी टंकण परीक्षा परीक्षा केन्द्र- 'इनसटीट्यूट ऑफ कम्पयूटर साइंसेज, रजत वूमेन कालेज आफ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेण्ट, पंचवटी, कमता, अयोध्या रोड, लखनऊ' में आयोजित की जा रही है । सभी पात्र अभ्यर्थियों को प्रत्येक दशा में प्रात: 08:00 बजे परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना अनिवार्य है ।**

2- पात्र अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र आज दिनांक 03-11-2023 को 1700 बजे से बोर्ड की वेबसाइट **http://uppbpb.gov.in/** पर दिये गये लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर यथा स्थान अपना फोटो चस्पा कर अपने कार्यालयाध्यक्ष से प्रमाणित कराकर लायेंगे । प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु अभ्यर्थी को अपना PNO No.तथा जन्मतिथि (DD-MM-YYYY) डालना होगा । अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र के साथ अपने पहचान पत्र के रूप में मूल विभागीय पहचान पत्र/आधार कार्ड/वोटर कार्ड टंकण परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनिवार्य रूप से लाना होगा । तथा अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे टंकण परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश पत्र में अंकित <u>'अभ्यर्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश'</u> नाम शीर्षक के अन्तर्गत अंकित निर्देशों का पालन करेंगे । इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी हेतु **Helpline No.-**

'7358/2023

07969049949 पर **06:30** बजे से **18:30** बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है ।

3- अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे परीक्षा के दौरान अनुशासन एवं शान्ति रखेंगे तथा दिये गये समस्त निर्देशों का पालन करेंगे ।

RAMAKANT PRASAD
SUPERINTENDENT OF POLICE
03-11-2023

अपर सचिव, प्रोन्नति
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ ।

gned by Ramakant Prasad
ate: 03-11-2023 16:27:35